माननीय मंत्रीजी, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग [9/3/2022]

तारांकित प्रश्न क्रमांक - 212 प्रश्न सं. [क्र. 212]

// उत्तर //

(क) श्री महाकालेश्वर मंदिर में आगंतुक आम श्रद्धालुओं के लिए एक दिवस पूर्व भस्म आरती काउण्टर से आफॅलाईन भस्म आरती पंजीयन पूर्णत: नि:शुल्क रखा गया है। आम श्रद्धालुओं से आफॅलाईन भस्म आरती पंजीयन हेतु किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। बगैर कतारबद्ध होकर सुविधानुसार आने वाले श्रृद्धालुओं को घर बैठे आफलाईन के माध्यम से भस्म आरती पंजीयन सेवा शुल्क 100 रूपये दिनांक 28/3/2017 से निर्धारित है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक दिनांक 03 सितम्बर 2021 के बिन्दु क्रमांक 23 में पारित निर्णय अनुसार दिनांक 10 सितम्बर 2021 से प्रोटोकॉल/ पुजारी / पुरोहित के माध्यम से आगंतुक श्रद्धालुओं से 200/- प्रति श्रद्धालु भेंट राशि प्राप्त कर भस्म आरती में सम्मिलित होने की व्यवस्था प्रचलित है। आदेश की प्रति **<u>परिशिष्ट "क"</u>** अनुसार है।

(ख) श्री महाकालेश्वर मंदिर में आगंतुक समस्त आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन, आफॅलाईन भस्म आरती पंजीयन पूर्णत: नि:शुल्क है। भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन हेतु पधारने वाले किसी भी श्रद्धालु की धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का हनन नहीं किया जा रहा है।

(ग) श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा अपने समस्त कार्य मंदिर अधिनियम 1982 एवं उसके अंतर्गत निमित् उपविधि 2000 अनुसार संचालित संधारित किए जाते है। श्री महाकालेश्वर मंदिर अधिनियम के अन्तर्गत श्री महाकालेश्वर मंदिर में होने वाले समस्त क्रियाकलाप दर्शन, पूजन, अभिषेक इत्यादि की व्यवस्था हेतु अधिकार श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति को है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक दिनांक 02 सितम्बर 2021 के बिन्दू क्रमांक 23 में पारित निर्णय अनुसार दिनांक 10 सितम्बर 2021 से प्रोटोकॉल/ पुजारी / पुरोहित के माध्यम से आगंतुक श्रद्धालुओं से 200/- प्रति श्रद्धालु भेंट राशि प्राप्त कर भस्म आरती में सम्मिलित होने की व्यवस्था की गई है। भस्म आरती में आफॅलाईन पंजीयन कराने वाले आम श्रद्धालुओं का प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क है।

(घ) श्री महाकालेश्वर मंदिर में सशुल्क दर्शन व्यवस्था से मंदिर प्रशासन से जुडे कर्मचारियों द्वारा ठगी का मामला नहीं किया गया है। श्री महाकालेश्वर मंदिर में व्यवस्थाएं पारदर्शी एवं कम्प्यूटरीकृत है।

(ड) श्री महाकालेश्वर मंदिर में आगंतुक आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन हेतु किसी प्रकार की रसीद इत्यादि का निर्धारण नहीं किया गया है, चूंकि आम श्रद्धालुओं के दर्शन नि:शुल्क है। अत: कालाबाजारी का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता।

परिशिष्ट - (क)

# कार्यालय श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन

www.mahakaleshwar.nic.in FAX-0734-2550144 / 0734-2550563

क्र. / महा. / सर्वर / 2017 / 799 उज्जैन, दिनांक 28/03/2017

## आदेश

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा लिये गये निर्णयानुसार भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्मार्ती को दिनांक 01.04.2017 से सःशुल्क किया जाता है। जिसका शुल्क ऑनलाईन बुकिंग हेतु 100 रू प्रति व्यक्ति व ऑफलाईन कांउटर से बुकिंग हेतु 10 रू प्रति व्यक्ति शुल्क निर्धारित किया गया है। साथ ही समस्त विभागों को श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा आंवटित भस्मार्ती अनुमति कोटे को समाप्त किया जाता है। दिनांक 31.03.2017 से समस्त विभाग मंदिर कांउटर पर शुल्क जमा करा कर भस्मार्ती बुकिंग करा सकेंगें।

अध्यक्ष एवं कलेक्टर
श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति
उज्जैन

क्र. / महा. / सर्वर / 2017 / 799 उज्जैन, दिनांक 28/3/2017

प्रतिलिपिः–

1 जिला सत्र न्यायधीश महोदय जिला उज्जैन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2 आयुक्त महोदय उज्जैन संभाग उज्जैन की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3 नगर पुलिस अधीक्षक महोदय जिला उज्जैन को सूचनार्थ प्रेषित।
4 प्रशासक श्री महाकालेश्वर मंदिर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5 जनरल मैनेजर भारत संचार निगम लि. उज्जैन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
6 ऊर्जा विभाग उज्जैन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
7 आयकर आयुक्त उज्जैन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
8 जिला लोकायुक्त अधीक्षक की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
9 DIO NIC उज्जैन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
10 मुख्य स्वास्थ निरिक्षक (रेल्वे) जिला उज्जैन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
11 जनसंपर्क अधिकारी जिला उज्जैन की ओर सूचना प्रसारित हेतु।

अध्यक्ष एवं कलेक्टर
श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति
उज्जैन

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश शासन
धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग

# कार्यालय श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन

www.mahakaleshwar.nic.in FAX-0734-2550144 / 0734-2550563

क्रमांक 1030 /महा.मं./स्थापना/2021 उज्जैन, दिनांक 10 सितम्बर 2021

## आदेश

दिनांक 02 सितम्बर 2021 को जिला आपदा प्रबंधन समिति एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक दिनांक 03 सितम्बर 2021 के बिन्दू क्रमांक 23 में पारित निर्णय अनुसार दिनांक 11 सितम्बर 2021 से प्रातःकालीन होने वाली भगवान श्री महाकालेश्वर जी की भस्मार्ती में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए आम श्रद्धालुओं का प्रवेश ऑनलाईन/ऑफलाईन पंजीयन उपरांत प्रारंभ किया जाता है।

आगन्तुक आम श्रद्धालुओं के लिए एक दिवस पूर्व भस्मार्ती काउण्टर से बुकिंग पूर्णतः निःशुल्क रहेगी, प्रोटोकाल/पुजारी/पुरोहित के माध्यम से आगन्तुक प्रति श्रद्धालु 200 रुपये के मान से भेंटराशि प्रदाय कर पंजीयन उपरांत भस्मार्ती में सम्मिलित हो सकेंगे, आगन्तुक समस्त पंजीकृत श्रद्धालु गणेश मण्डपम् अथवा कार्तिक मण्डपम् से ही भगवान श्री महाकालेश्वर जी की भस्मार्ती में दर्शन लाभ ले सकेंगे। गर्भगृह एवं नंदीमण्डपम् में श्रद्धालुओं का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

उक्त आदेश दिनांक 11 सितम्बर 2021 से प्रभावशील होगा।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष
श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति,
उज्जैन

पृ.क्रमांक 1030 /महा.मं./स्थापना/2021 उज्जैन, दिनांक 10 सितम्बर 2021

**प्रतिलिपि :-**

1. माननीय मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अतिरिक्त मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन आध्यात्म विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
5. राज्य सत्कार अधिकारी भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला उज्जैन की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
7. आयुक्त उज्जैन संभाग उज्जैन की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
8. पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन झोन उज्जैन की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
9. पुलिस अधीक्षक जिला उज्जैन की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
10. अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी जिला उज्जैन की ओर सूचनार्थ ।
11. जिला सत्कार अधिकारी जिला उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
12. प्रशासक, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
13. संयुक्त संचालक संभागीय जनसंपर्क उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ।
14. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर जिला उज्जैन की ओर सूचनार्थ।
15. श्री गणेश कुमार धाकड़, लेखाधिकारी श्री महाकालेश्वर मंदिर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
16. श्री विजय शंकर शर्मा, श्री आशीष पुजारी, श्री दिपक मित्तल , प्रबंध समिति सदस्य श्री महाकालेश्वर मंदिर की ओर सूचनार्थ।
17. सहायक संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा श्री महाकालेश्वर मंदिर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
18. नगर पुलिस अधीक्षक थाना महाकाल उज्जैन की ओर सूचनार्थ।

**अनुभाग अधिकारी**
मध्य प्रदेश शासन
धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग